कैंसर के खिलाफ लड़ाई में जागरूकता जरूरी: लोकसभा अध्यक्ष

...

स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है : लोकसभा अध्यक्ष

...

लोकसभा अध्यक्ष ने भारत के रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट के 42वें राष्ट्रीय सम्मेलन में उपस्थित डॉक्टर्स और अन्य विशिष्ठजनों को संबोधित किया।

....

नई दिल्ली; 4 दिसंबर, 2022: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज नई दिल्ली में भारत के रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट के 42वें राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। श्री बिरला ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सम्मेलन में भाग लिया।

इस अवसर पर बोलते हुए, श्री बिरला ने कहा कि भारत में स्वास्थ्य क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है और यह प्रगति 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगी।

श्री बिरला ने कैंसर की पहचान और उपचार में लोगों की जागरूकता की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत में कैंसर को लेकर जागरूकता की बहुत कमी है। उन्नत स्वास्थ्य सुविधाओं का हर एक व्यक्ति तक सुलभ रूप से नहीं पहुँच पाना भी एक और समस्या है। आम जनता जब तक शरीर में कोई बड़ी समस्या नहीं हो जाए, तब तक खुद आगे बढ़कर जाँच करवाने से बचती है। उन्होंने कहा कि इस प्रवृत्ति को सुधारा जा सकता है यदि एक निश्चित आयु के बाद एक निश्चित समय में हेल्थ चेक अप करवाने के लिए लोग प्रेरित हो । उन्होंने विचार व्यक्त की कि इसके लिए यह संस्थान महत्वपूर्ण काम कर सकता है। उन्होंने आगे कहा कि आज के समय में इलाज का लक्ष्य केवल बीमारी से निजात दिलाना ही नहीं है, बल्कि इलाज के बाद व्यक्ति बेहतर और आरामदायक जीवन जी पाए, यह इलाज का लक्ष्य है, श्री बिरला ने कहा।

कैंसर चिकित्सा में तकनीकी विकास पर बोलते हुए श्री बिरला ने कहा कि समय के साथ नई-नई तकनीक आई है, जिससे कैंसर का इलाज संभव हुआ है। रेडिएशन तकनीक ने कैंसर का उपचार बहुत हद तक सफ़ल बनाया है। कैंसर के एडवांस ट्रीटमेंट के लिए रेडिएशन टेक्नॉलोजी बहुत उपयोगी साबित हुई है और समय के साथ साथ रेडिएशन थैरेपी में भी तकनीकी विकास हुआ है। श्री बिरला ने यह भी कहा कि मेडिकल साइंस के विकास ने न सिर्फ लोगों की उम्र बढ़ा दी है, बल्कि जिंदगी की क्वालिटी को भी बेहतर बनाया है। नई टेक्नोलॉजी के विकास से बीते दशकों के मुकाबले सर्जरी और ऑपरेशन सरल हो रहे हैं। माइक्रो लेवल पर ऑपरेशन हो रहे हैं। रोबोटिक सर्जरी और लेजर ऑपरेशन से टारगेटेड इलाज किया जा रहा है।

कैंसर के खिलाफ लड़ाई में सामाजिक जिम्मेदारी पर बोलते हुए श्री बिरला ने कहा कि इस लड़ाई में नैतिक ज़िम्मेदारी के साथ सामाजिक जिम्मेदारी भी है। डॉक्टर्स का दायित्व है कि जितना हो सकें, समाज और मानवता के लिए बेहतरीन रिसर्च करें, कैंसर का प्रभावी इलाज के साथ सर्वसुलभ इलाज की सुविधा के विकास के लिए काम करें जिससे गाँव-कस्बें में रहने वाले हर एक व्यक्ति को इसका उन्नत इलाज आसानी से उपलब्ध हो सकें। उन्होंने इस पर व्यापक कार्य योजना बनाने पर जोर दिया ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक उन्नत और सुलभ चिकित्सा पहुंचे।

इस अवसर पर श्री बिरला ने विस्तृत विचार-विमर्श, संवाद और सेमीनार के माध्यम से कैंसर चिकित्सा के क्षेत्र में उपयोगी कार्य करने के लिए एसोसिएशन ऑफ द रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट ऑफ इंडिया की सराहना की।